
Date:-10-11-2024
Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat


सूरत भास्कर

दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर, सूरत, रविवार, 10 नवंबर, 2024 dainikbhaskar.com

# 4.15 किमी लंबे कापोद्रा-सरथाणा एलिवेटेड रूट के सभी पिलर तैयार, 1.8 किमी में गर्डर भी लॉन्च किए


**भास्कर एक्सक्लूसिव** सूरत मेट्रो लाइन-1 के आखिरी हिस्से के काम की रफ्तार बढ़ी

## लाइन-1, पैकेज सीएस-4 के काम की रफ्तार

| 4.15 | 100% | 1.8 | 59.16% | 04 |
|---|---|---|---|---|
| किमी लंबाई | पिलर तैयार | किमी सेगमेंट लॉन्च | सिविल कार्य | स्टेशन बन रहे |

लवकुश मिश्रा | सूरत

सूरत मेट्रो लाइन-1 सीएस-4 पैकेज में 4.15 किमी लंबे कापोद्रा से सरथाणा जू एलिवेटेड रूट पर पिलर का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। यही नहीं 1.8 किमी रूट में सेगमेंट लॉन्चिंग भी हो चुकी है। यह एलिवेटेड रूट सरथाणा जू को सीधे ड्रीम सिटी से जोड़ेगा। यह रूट सूरत मेट्रो फेज-1 का सबसे आखिरी हिस्सा है। इसे 384 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। सरथाणा-कापोद्रा मेट्रो एलिववेटेड रूट सरथाणा जकातनाका के पास बने फ्लाई ओवर ब्रिज के समानांतर बनाया जा रहा है। इसमें अवध बिल्डिंग के सामने स्थित इस फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर से मेट्रो के सेगमेंट लगभग लॉन्च कर दिए गए हैं। इस रूट का काम तेजी से चल रहा है।



**ये स्टेशन हो रहे हैं तैयार** ▪ सरथाणा ▪ नेचर पार्क ▪ वराछा चौपाटी गार्डन ▪ श्री स्वामीनारायण मंदिर

## इस सेक्शन का निर्माण कार्य मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य

मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि यह लाइन-1 का सबसे आखिरी हिस्सा है, जिसकी लंबाई 4.15 किमी है। इस पर पिलर का काम 100% पूरा कर लिया है। जबकि अब सेगमेंट की लॉन्चिंग लगातार जारी है। जबकि यहां बन रहे एलिवेटेड स्टेशनों के बॉक्स बनाने का काम भी पूरा हो गया है। मार्च 2025 तक यह सेक्शन पूरा कर लेने का टारगेट है।

## 384 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा तैयार

पैकेज सीएस-4 का 4.15 किमी एलिवेटेड रूट बनाने का काम रंजीत बिल्डकॉन कंपनी काम रही है। यह रूट 384.47 करोड़ की लागत से बन रहा है। जनवरी 2023 में इस हिस्से पर पाइल लोड टेस्टिंग का काम शुरू हुआ था। अब पिलर पर गर्डर लॉन्च करने काम तेज गति से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इसी सेक्शन पर नाना वराछा में 22 अगस्त 2024 को गर्डर लॉन्च के लिए की जा रही एलजी बॉक्स की लॉन्चिंग के दौरान एक क्रेन टूट गई थी। क्रेन के बंगले पर गिरने से बंगला क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे पूरे सेक्शन का काम कुछ महीने प्रभावित रहा था।